**ग्राम्य औद्योगिक योजनाएं**

*6. **श्री लाल आडवाणी :**

**श्री सुन्दर सिंह भंडारी :**

क्या **औद्योगिक विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े इलाकों के जिलों में औद्योगिक विकास के लिए राज्यवार 50 और अतिरिक्त ग्राम्य योजनाएं हाल में स्वीकृत की गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो इनसे पूर्व स्वीकृत की गई 55 ग्राम्य औद्योगिक योजनाओं के बारे में अब तक का अनुभव क्या है और नवीन स्वीकृत योजनाओं से पिछड़े इलाकों का विकास असंतुलन किस सीमा तक दूर होने की आशा है ?

†[ RURAL INDUSTRIAL SCHEMES

*6. SHRI LAL K. ADVANI :

SHRI SUNDAR SINGH BHANDARI :

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT **औद्योगिक विकास मंत्री** pleased to state :

(a) whether it is a fact that another set of fifty rural schemes besides the earlier ones, Statewise, have been approved recently for the purpose of industrial development in the districts of industrailly backward areas; and

(b) if so, what has been the experience about the fifty-five rural industrial schemes approved earlier and how far the newly approved schemes are expected to remove the developmental dispairty in the backward areas?]

**औद्योगिक विकास मंत्री (श्री मोइनुल हक चौधरी) :** (क) तथा (ख) इस समय केवल 54 ग्रामीण उद्योग योजनाएं हैं। ग्रामीण उद्योग परियोजना कार्यक्रम प्रारंभ में 49 चुने हुए ग्रामीण क्षेत्रों में 1962-63 की अवधि में शुरु किया गया था। इसके परिणाम उत्साह-वर्धक रहे हैं। चालू वर्ष में पांच नई परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, इनमें से एक हरियाणा में तथा अन्य चार आंध्र प्रदेश के करीम नगर जिले में, गुजरात के जूनागढ़ जिले में, मैसूर के बेलगांव जिले तथा उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिलों के ग्रामीण वैद्युत सहकारी परियोजना क्षेत्रों में हैं। मार्च, 1970 के अंत तक लगभग 29,000 औद्योगिक एकक चल रहे थे, जिसमें से लगभग 13,000 नए एकक थे। इस पर अनुमानतः कुल 13.46 करोड़ रुपये का विनियोजन किया गया था और 1969-70 में 10 करोड़ रुपये के मूल्य का उत्पादन हुआ। इससे लगभग 1,15,000 लोगों को रोजगार मिला। फिर भी सभी परियोजना क्षेत्रों में प्रगति एक जैसी नहीं रही और जिन क्षेत्रों में प्रगति संतोषजनक नहीं रही, उनमें समय-समय पर सुधार करने के लिए उपाय किए गये हैं।

†[THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT **औद्योगिक विकास मंत्री** (SHRI MOINUL HAQUE CHODHURY): (a) and (b). At present there are only 54 rural industries schemes. The Rural Industries Projects Programme was initiated during 1962-63 initially in 49 selected rural areas. The results have been encouraging. Five new projects have been sanctioned during the current year-one in Haryana and four in Rural Electric Cooperative projects areas of Karimnagar District in Andhra Pradesh, Junagadh District in Gujarat, Belgaum District in Mysore and Lucknow District in Uttar Pradesh. By the end of March, 1970, about 29,000 industrial units were existing of which about 13,000 were new units. The total investment was estimated to be Rs. 13.46 crores and value of production to be Rs. 10.00 crores during 1969-70. Employment opportunities were created for about 1,15,000 persons. The progress was, however, not uniform in all the project areas and corrective measures were taken from time to time in areas where progress was not so satisfactory.]

**गंगा नदी में आई बाढ़ द्वारा क्षति का ब्यौरा**

*7. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **सिंचाई और विद्युत् मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा नदी कितने मीलों में बहती है, इसका प्रतिवर्ष कितने क्यूसेक पानी बेकार समुद्र में बह जाता है; इसकी बाढ़ से औसतन कितने गांव, खेत और मवेशी प्रभावित होते हैं और इसकी बाढ़ के पानी से कितनी फसल डूब और बह जाती है;

†[ ] English translation.

(ख) क्या सरकार इसके पानी का सदुपयोग करने और बाढ़ द्वारा भू-कटाव को न होने देने के लिये किसी योजना पर विचार कर रही है; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह सच है कि विभागीय मंत्री ने इस संबंध में अपने एक लेख में गंगा को उत्तर से दक्षिण भारत की ओर ले जाने के बारे में अपने विचार व्यक्त किये हैं; और यदि हां, तो इस सुझाव को कार्यान्वित करने के संबंध में क्या प्रगति हुई है ?

*[DATA OF DAMAGES CAUSED BY FLOODS IN RIVER GANGA

*7. SHRI J. P. YADAV : Will the Minister of IRRIGATION AND POWER **सिंचाई और विद्युत मंत्री** be pleased to state :

(a) what is the length of the river Ganga and how many cusecs of its water flows unutilized to the sea every year;

(b) the number of villages, fields and cattle on an average that are affected by its floods and what is the extent to which the crops are submerged and swept away by its flood water:

(c) whether Government have any scheme to utilise its water and to avert soil erosion caused by floods; and if so, what are the details thereof; and

(d) whether it is a fact that he had stated his views in an article in this regard suggesting the diversion of the Ganga to South India; and if so, what progress has been made to implement the suggestion?]

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० के० एल० राव)** : (क) से (ग) विवरण सभा पटल पर रखा जाता है।

**विवरण**

(क) गंगा भारत और पाकिस्तान दोनों में बहती है। भारत में इस नदी की लम्बाई 2,050 किलोमीटर (1,275 मील) है। नदी में बहाव दिन-प्रति-दिन और वर्ष-प्रति-वर्ष घटता-बढ़ता रहता है। फरक्का में कुल वार्षिक बहाव, जो कि भारत में अंतिम मापन (गेजिंग) बिन्दु है, औसतन लगभग 380 लाख है०मीटर (310 एम० ए० एफ०) है। 1962 में इस स्थान पर देखा गया अधिकतम जल-निस्सार 25,900 क्यूसेक (21 लाख क्यूसेक) है।

(ख) बाढ़ों के कारण फसलों और सम्पत्ति को क्षति वर्ष-प्रति-वर्ष घटती बढ़ती रहती है। समस्त गंगा बेसिन में बाढ़ों के कारण अधिकतम क्षति 1970 में हुई, जब 38 लाख है० क्षेत्र (94 लाख एकड़), जिसमें 21 लाख है० (52 लाख एकड़) शस्यगत क्षेत्र शामिल है, प्रभावित हुआ था, 5,768 पशु और 346 व्यक्तियों की जानें गई और कुल क्षति 84 करोड़ रुपये हुई।

(ग) सरकार ने विभिन्न योजनाओं में समस्त गंगा बेसिन में समय-समय पर सिंचाई के लिए नदी के पानी के समुपयोजन के लिए बहुत सी स्कीमें स्वीकृत की हैं। पानी के समुपयोजन हेतु एक बृहत् योजना के लिए बहुत सारे वर्षों के आंकड़े एकत्र होने तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। नदी के बहाव से होने वाले कटाव से सुरक्षा के लिए उपाय बहुत से महत्वपूर्ण स्थानों, जैसे हरिद्वार, वाराणसी, बलिया, मानसी इत्यादि पर किए गए हैं। बहरहाल तट काटाव की पहले से भविष्यवाणी नहीं की जा सकती और इसकी रोकथाम के लिए सुरक्षा उपाय करने पड़ते हैं।

(घ) जी, हां। राष्ट्रीय जल ग्रिड का अभी कार्यालय में ही अध्ययन हो रहा है। अभी यह निर्णय लेना शेष है कि क्षेत्रीय अनुसंधान शुरू किए जाएं अथवा नहीं।

†THE MINISTER OF IRRIGATION AND POWER **सिंचाई और विद्युत् मंत्री** (DR. K. L. RAO) : A statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

(a) The Ganga flows both in India and Pakistan. The length of the river in India is 2050 km (1275 miles). The flow in the river varies from day to day and year to year. The total annual flow at Farakka, the last gauging point in India averages to about 38 million ha metres (310 MAF). The maximum discharge observed at this point is 25900 cumecs (21 lakh cusecs) in 1962.

(b) The damage to the crops and property due to floods varies from year to year.

†[ ] English translation

The maximum damage due to floods in the entire Ganga Basin occurred in 1970 when an area of 38 lakh ha. (94 lakh acres) including 21 lakh ha. (52 lakhs acres) of cropped area was affected, 5768 cattle and 346 human lives were lost and the total damage amounted to Rs. 84 crores.

(c) The Government have been sanctioning a number of schemes for utilising the waters of the river for irrigation from time time in the entire Ganga basin in the various plans. A comprehensive plan for utilisation of waters will have to await collection of the data over a number of years. Measures for protection against erosion caused by the flow of the river, have been taken at a number of important places like Hardwar Varanasi, Ballia, Mansi etc. The bank erosion cannot, however, be predicted in advance and protective measures have to be taken as and when it occurs.

(d) Yes, Sir. The National Water Grid is in the preliminary Stages of office room study. Decisions have yet to be taken whether to undertake field investigations now.]

COMPLAINTS FROM MINE OWNERS REGARDING SHORTAGE OF WAGONS

*8. SHRI KALYAN ROY :

SHRI BHUPESH GUPTA :

Will the Minister of RAILWAYS/ रेल मंत्री be pleased to state :

(a) whether Government have received serious complaints from various coal mine owners, associations and also from workers, organisations regarding serious shortage of wagons leading to large scale retrenchment, lay-off and temporary closures of coal mines;

(b) if so, what are the details of the complaints; and

(c) what specific steps have been taken by Government to improve the supply of wagons to the coal fields, particularly the Asansol and Jharia belts and the results achieved thereby?

THE MINISTER OF RAILWAYS/ रेल मंत्री (SHRI K. HANUMANTHAIYA): (a) to (c) A statement is laid on the Table of the Sabha.

STATEMENT

(a) and (b) A few complaints have been received from some of the Coal Mine Owners' Associations and Workers' Organisations voicing their concern over the accumulation of stocks at the colliery pit heads, due to short supply of wagons for transport of coal particularly in the West Bengal & Bihar field threatening retrenchment, lay-off of workers and closure of mines. This Ministry is not however aware of any actual lay-off of workers or closure of mines on that account.

(c) Drop in coal loading from West Bengal and Bihar fields during 1970-71 was partly because of less demands as compared to the previous year upto August '70, and thereafter due to the serious difficulties faced by the railways in the Eastern Sector for reasons beyond their control *e. g.* large scale thefts of wagon fittings, overhead traction wires, telecommunication cables, track materials, etc., victimisation of passenger and goods trains, assaults and murders of Railway staff, lightening and prolonged sti kes by Railway staff, looting and arson of railway property at stations and offices, bomb attacks at stations, yards and colonies, bundhs, hartals and other stoppages of work paralysing railway operation, and many other such anti-social activities. The single largest factor affecting the smooth train running and supply of wagons to collieries in West Bengal and Bihar fields has, therefore, been the adverse law and order conditions in West Bengal. This is beyond the railways' purview and control as the maintenance of law and order is primarily the function of the State Governments. On their part, however, the railways have strengthened their own Protection Forces in the area to the maximum extent possible. Closest possible coordination is being maintained by the Railway authorities at all levels with the State Government of West Bengal to enable them to deal with such activities effectively. They have been requested at the highest level to take firm and effective steps to restore normalcy in railway working in the area. There has, however, been no imporvement in the situation so far.

234 पैसेन्जर गाड़ी का जयपुर तक बढ़ाया जाना

*9. श्री जगदीश प्रसाद माथुर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 234 पैसेन्जर गाड़ी को सीकर से जयपुर तक बढ़ाने के सम्बन्ध में उस क्षेत्र के नागरिकों ने सरकार से कई बार अनुरोध किया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि सीकर से जयपुर के लिये दिन के एक बजे के पश्चात् दूसरे दिन प्रात: 6 बजे तक कोई रेलगाड़ी नहीं है; और